पंजाब केसरी 12/02/2025

# अम्बाला क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देना जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता : डा. रोहित दत्त

## जी.एम.एन. कॉलेज ने पूल कैम्पस ड्राइव के माध्यम से दिया करियर की उड़ान भरने का अवसर


अम्बाला, 11 फरवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मंगलवार को बड़े पैमाने पर पूल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में किया गया।

इसके माध्यम से जी.एम.एन. कॉलेज ने करियर की उड़ान भरने का अवसर दिया है।

इस ड्राइव में अलग-अलग राज्यों के विभिन्न जिलों जैसे कि हरियाणा से अम्बाला, शाहाबाद, कुरुक्षेत्र, रादौर, यमुनानगर, मुलाना, बराड़ा एवं पंजाब से राजपुरा और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए 900 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस ड्राइव में कुल 7 कंपनियां शामिल हुईं।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि अम्बाला क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देना जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता है। बड़े पैमाने पर आयोजित की गई यह पूल कैम्पस ड्राइव शिक्षित युवा वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज के इस प्रतिस्पर्धा से भरे इस युग में अच्छी नौकरी पाना सभी युवाओं का एक सपना रहता है।

इस प्रकार की पूल कैम्पस ड्राइव से छात्रों को अपनी योग्यता और काबिलियत के आधार पर नौकरी के अवसर मिलते हैं और साथ ही छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए आशाजनक करियर के अवसर भी मिलते हैं। गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज इस प्रकार की ड्राइव के माध्यम से अम्बाला एवं आसपास के युवा वर्ग को नौकरी प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।




*जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित पूल कैम्पस ड्राइव में भाग लेने पहुंचे युवा।*

सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान एवं टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि इस ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों ने जी-जान से मेहनत की है और परिणामस्वरूप साक्षात्कार के समय उनका आत्मविश्वास देखने योग्य रहा है। कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं साक्षात्कार में ध्यान देने योग्य बातों से अवगत करवाया।

इस ड्राइव के सुचारू संचालन में सी.आर.सी. यूनिट के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया। सभी विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य रहा।